## महत्वपूर्ण एवं खास

### लाईवलीहुड कॉलेज में निशुल्क 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**रायगढ़।** रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा 'आजीविका विकास कार्यक्रम' के तहत रोजगार/स्वरोजगार की संभावनाओं के आधार पर हितग्राहियों को लघु अवधि का प्रशिक्षण प्रदान कर आजीविका से जोडऩे हेतु शेयर मार्केट एवं एल.ई.डी. बनाना कोर्स में नि:शुल्क 15 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। हितग्राही की न्यूनतम एवं अधिकतम शैक्षणिक योग्यता/आयु की बाध्यता नहीं है, शेयर मार्केट कोर्स हेतु पेन कार्ड एवं बैंक खाता होना आवश्यक है। प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होगी। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास,अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ मोबाईल नं 9752658995 एवं 07762-299505 से संपर्क कर सकते हैं।

### पोटाकेबिन के प्रधान अध्यापक, अधीक्षक व शिक्षक का एक वेतनवृद्धि रोकने के आदेश

**जगदलपुर (आरएनएस)।** शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक आदित्य द्वारा नारायणपुर जिला के देवगांव पोटाकेबिन के प्रधान अध्यापक, सहायक शिक्षक और पोटाकेबिन अधीक्षक का एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया। शैक्षणिक कैलेंडर 2022-23 में निहित निर्देशानुसार के संयुक्त संचालक ने माह नवम्बर में देवगांव पोटा केबिन का निरीक्षण के दौरान परिसर में चारों ओर गंदगी फैले होने एवं नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होना पाया। साथ ही शैक्षणिक गुणवत्ता एवं रोडमैप के अनुसार गतिविधियां संचालित नहीं होना तथा संस्था में प्रशासनिक नियंत्रण एवं अनुशासनहीनता उदासीनता दृष्टिगोचर होना पाये जाने पर पोटाकेबिन के प्रधान अध्यापक श्रीमती एसके पटेल एवं सहायक शिक्षक कामता प्रसाद साहू, अधीक्षक एल.बी. को पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीन एवं लापरवाही बरतने के कारण एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने हेतु आदेशित किया गया है।

### आनी बानी के छत्तीसगढ़ किताब का अंग्रेजी संस्करण प्रकाशित

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की बानगी (आनी बानी के छत्तीसगढ़) पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण प्रकाशित हुआ है। गैर हिंदी भाषी नागरिकों को छत्तीसगढ़ के जनजीवन तथा संस्कृति से अवगत कराने के ध्येय से संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने इसे प्रकाशित किया है। उक्त जानकारी पुस्तक के लेखक अरविंद मिश्र ने दी।

### एसईसीएल ने ग्रामीण बच्चों को किया खेल सामग्री का वितरण

**कोरबा (आरएनएस)।** एसईसीएल कोरबा क्षेत्र अंतर्गत सरायपाली परियोजना के समीपवर्ती गाँवों तालापारा एवं बुड़बुड़ गाँव के बच्चों को खेल पोशाक, जूते तथा अन्य खेल सामग्री का वितरण किया गया। खेल सामग्री के ज़रिए गाँव तालापारा में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें आस-पास के 16 ग्राम पंचायत की टीमों ने हिस्सा लिया। सरायपाली प्रबंधन ने टूर्नामेंट में विभिन्न पुरस्कारों को भी प्रायोजित किया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में राहाडीह तालापारा विजेता हुआ वहीं पोड़ी को उपविजेता का ख़िताब मिला। सराईपाली प्रबंधन की इस पहल से प्रभावित ग्रामों के बच्चों में बहुत ही उत्साह और हर्ष देखा गया साथ ही इस सहयोग से सभी लोग बहुत उत्साहित हुए।

# फेरी कर रेकी और चोरी करने वाले गैंग का एक आरोपी गिरफ्तार

- छत्तीसगढ़, ओड़िसा व कर्नाटक के कई स्थानों में चोरी कर बंग्लादेश में माल खपाते थे आरोपी
- पूर्व में गिरोह के तीन आरोपियों को किया गया था गिरफ्तार
- आरोपी अपने साथी के साथ नेतनागर और फटहामुड़ा में किया था बाइक चोरी, बाइक बरामद

रायगढ़। एसपी अभिषेक मीणा के निर्देशन एवं एएसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर रात्रि गस्त को सुदृढ किया गया है। इसी क्रम में दिनांक 01.12.2022 को रात्रि गश्त दौरान चौकी जूटमिल पुलिस द्वारा छातामुड़ा चौंक के पास एक लाल रंग के मोटरसाइकिल में घूम रहे संदिग्ध युवक को पकड़ा गया, पूछताछ में युवक अपना नाम मोहम्मद आरिफ शेख जूटमिल का स्थानीय होना बताया। गस्त पार्टी द्वारा युवक से उसका पहचान पत्र आदि चेक किए जाने पर युवक के सुंदरगढ़ उड़ीसा के होने की जानकारी मिली। युवक द्वारा भ्रमित करने पर उसे चौकी लेकर आया गया जिसे कड़ाई से पूछताछ में आरोपी अपने पास रखी हुई मोटरसाइकिल सी.टी 100 क्र सीजी 13 ए.एल. 1218 को चोरी का होना बताया। आरोपी से तरीका-वारदात पूछे जाने पर उसका खुलासा चौंका देने वाला था।



आरोपी मोहम्मद आरिफ शेख पिता मोहम्मद जायदुल शेख उम्र 19 साल निवासी ग्राम खुटगांव थाना मिसरा जिला सुंदरगढ़ ओड़िशा अपने मेमोरेंडम कथन में बताया कि वह अलग-अलग शहर व गांव में जाकर बर्तन फेरी करने के बहाने घरों में चोरी के लिए रेकी करता है। इसका शाहपुकुर दक्षिण दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) का अफसर मंडल, सैकेत मंडल, मोहम्मद खालिद रायपुर का बाबू शेख, जबलपुर मध्य प्रदेश का रहने वाला मोहम्मद रौनी शेख सभी मिलकर शहरों में किराए मकान लेकर रैकी और छोटा-मोटा काम कर चोरी करते हैं। आरोपी मोहम्मद आरिफ शेख बताया कि चोरी में मिले सोना चांदी के जेवर को इनका साथी अफसर मंडल बांग्लादेश तरफ ले जाकर बिक्री करता है और बिक्री से प्राप्त रकम का आपस में सभी लोग बंटवारा करते हैं। आरोपी बताया कि छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, बलरामपुर, रायपुर तथा उड़ीसा के बरगढ़, रायगड़ा, कर्नाटक में मोटरसाइकिल तथा सोने-चांदी के जेवरात चोरी किए हैं।

रायगढ़ में रहते हुए अपने साथी मोहम्मद रौनी शेख के साथ मिलकर करीब 6 महीना पहले नेतनागर से मोटर सायकल सी.टी 100 क्रमांक सीजी 13 ए.एल. 1218 को चोरी किया था जिसमें घूम-घूम कर बर्तन बेचने के बहाने रेकी करता था और करीब 3 माह पहले रौनी के साथ मिलकर फटहामुड़ा में जूटमिल में सुनसान जगह पर बने घर के बाहर से खड़ी अवेंजर मोटरसाइकिल को चोरी कर रातो रात लेकर उड़ीसा तरफ जा रहे थे और रास्ते में मोटरसाइकिल बंद होने से मोटरसाइकिल को पुसौर के एक गांव में धान में छिपाकर भाग गए थे। बाइक चोरी के संबंध में चौकी जूटमिल में अप.क्र. 903, 1245/2022 धारा 379 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध है। पुसौर पुलिस द्वारा चोरी गई अवेंजर मोटरसाइकिल को ग्राम धनगांव में लवारिश अवस्था में बरामद किया गया था जिसे वाहन का पंजीकृत स्वामी अनूप कुमार पिता दिलीप कुमार निवासी फटहामुडा चौकी जूटमिल द्वारा दिनांक 09.09.2022 को न्यायालय से वाहन सुपुर्दनामा पर प्राप्त किया गया है।

आरोपी बताया कि पिछले दिनों रायगढ़ में बड़ी चोरी के लिए अपने दो साथी – मोह. रौनी शेख और शेख बाबू को बुलाया था जो रायपुर से ट्रेन में रायगढ़ आये थे, जिनको लेने रायगढ़ रेलवे स्टेशन गया था पर उनसे मुलाकात नहीं हुआ वे लोग स्टेशन पर पुलिस चेकिंग को देखकर भाग गये थे। आरोपी मोहम्मद आरिफ शेख से नेतनागर से चोरी किया हुआ मोटर सायकल CT 100 सीजी 13 ए.एल. 1218 कीमती 25,000 रूपये (अप. क्र. 903/2022 धारा 379 आईपीसी) जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। दोनों ही बाइक चोरी में शामिल आरोपी मोह. रौनी शेख फरार है। सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के सुपरविजन में चोरी के माल मुलिज्म पतासाजी में साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल, चौकी जूटमिल के प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी, मोहम्मद दिलदार कुरैशी, आरक्षक बनारसी सिदार, विनय तिवारी और समीर बेक की अहम भूमिका रही है।

विदित हो कि 28 जुलाई को #जूटमिल पुलिस द्वारा गैंग के मास्टर माइंड अफसर मंडल के तीन साथी आरोपी (1) मिलोन मंडल पिता मुजामिल मंडल उम्र 36 साल (2) मिलन शेख पिता अब्दुल हलीम शेख उम्र 22 साल (3) छबिकुन नहर बिबी मण्डल पति स्व. हलीम मंडल उम्र 38 साल तीनों का स्थायी पता मध्यरामकृष्णपुर थाना कुमारगंज जिला दक्षिण दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) को थाना कुमारगंज डिस्ट्रिक्ट दक्षिण दिनाजपुर पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया था जिनसे सोना- 91.25 ग्राम (कीमत 5 लाख), चांदी- 1.127 ग्राम कीमत रु.70,000 और नकद रूपये- 7,35,880 रूपये कुल जुमला – 13,05,880 रूपये की मशरूका जप्त कर चौकी जूटमिल क्षेत्र के पार्क सिटी उडीसा रोड, कोतरारोड़ क्षेत्र के कृष्ण विहार, चक्रधरनगर के केलोबिहार और मालीडिपा में चोरी का खुलासा किया गया था। साइबर सेल और जूटमिल पुलिस फरार आरोपी अफसर मंडल और गिरोह के सदस्यों की पतासाजी की जा रही है।

## अपर कलेक्टर जांगड़े ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रदाय किया पेंशन एवं ग्रेच्यूटी की आदेश प्रति

**रायगढ़।** अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े ने आज सेवानिवृत्त शिक्षकों को पुष्प गुच्छ के साथ पीपीओ एवं जीपीओ की कापी देकर स्वास्थ्यमय जीवन की शुभकामनाएं दी। इनमें शासकीय उच्च.माध्य. विद्यालय महलोई के प्राचार्य हेमकुंवर चौधरी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तमनार के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सूर्यप्रकाश पण्डा एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के प्रधान पाठक सुरेश कुमार सोन शामिल है।



ज्ञात है कि राज्य शासन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश गए है। जिस पर संचालक कोष लेखा एवं पेंशन नीलकंठ टेकाम एवं संयुक्त संचालक आर.पी.पटेल से समन्वय कर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रायगढ़ बी.एस.मण्डावी ने गत दिवस सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का समय में ही पेंशन प्रकरण का निराकरण किया। जिन्हें अपर कलेक्टर के माध्यम से पेंशन एवं ग्रेच्युटी की आदेश प्रति सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रदाय किया गया। इस मौके पर एफ.एल.सिदार, रवि दुबे एवं कोषालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सघन टी.बी. एवं कुष्ठ खोज अभियान के अवसर पर कार्यशाला आयोजित

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में बीते 30 नवंबर को सघन टी.बी. एवं कुष्ठ खोज अभियान के अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हितेश जायसवाल के अध्यक्षता तथा विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक वैभव डियोडिया की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोईंग के सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला सह मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सघन टी.बी. एवं कुष्ठ खोज अभियान 21 दिसंबर 2022 तक तक चलाया जाना है। उक्त कार्यशाला में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.हितेश जायसवाल के द्वारा बताया गया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर भ्रमण कर टी.बी.एवं कुष्ठ के संभावित मरीजों की पहचान कर उनका जांच करना एवं धनात्मक मरीजों को उपचार प्रदान किया जाना है। विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक वैभव डियोडिया के द्वारा बताया गया कि यह अभियान 02 चरणों में पूर्ण किया जायेगा। प्रथम चरण में 15 दिसंबर 2022 तक मितानिनों के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में घर-घर भ्रमण कर टी.बी. एवं कुष्ठ रोग के लक्षण के आधार पर संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में 16 से 21 दिसंबर तक मितानिनों द्वारा खोजे गये टी.बी.एवं कुष्ठ के संकास्पद मरीजों का पुन: परीक्षण संबंधित क्षेत्र के एम.पी.डब्ल्यु. द्वारा किया जाएगा।



उक्त कार्यक्रम के निरीक्षण हेतु डॉ.टी.जी. कुलवेदी जिला कुष्ठ अधिकारी एवं डॉ.जे.किण्डो फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा विकासखण्ड लोईंग के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनोरा एवं ग्राम में भ्रमण कर निरीक्षण किया गया एवं कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोईंग से उक्त निरीक्षण में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हितेश जायसवाल, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक वैभव डियोडिया, एन.एम.ए. एच.एल. नायक, व्हीबीडी टेक्निकल सुपरवाइजर निर्मल प्रसाद उपस्थित थे।

## इस बार बस्तर के मुकाबले सरगुजा संभाग में पड़ेगी अधिक ठंड

**रायपुर (आरएनएस)।** इस साल दिसंबर और जनवरी में कड़ाके की ठंड पडऩे वाली है. सबसे ज्यादा सरगुजा संभाग में इस दिसंबर और जनवरी में पारा लुढक़ सकता है. वहीं बस्तर और बिलासपुर में दिसंबर के दूसरे सप्ताह से शीतलहर की भी स्थिति निर्मित हो रही है. मौसम विज्ञानी ने बताया कि ठंड के मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहता है. ऐसे में ठंड में तापमान कितने डिग्री सेल्सियस तक लुढक़ सकता है. यह बता पाना संभव नहीं है, लेकिन सरगुजा संभाग में दिसंबर और जनवरी में कड़ाके की ठंड पडऩे की पूरी संभावना है।



मौसम वैज्ञानी हरिप्रसाद चंद्रा ने बताया कि बीते तीन-चार सालों में खासकर जनवरी माह के पहले सप्ताह से तीसरे सप्ताह तक अधिकतम ठंड महसूस की जाती है और पारा भी 6 से 4 डिग्री सेल्सियस तक लुढक़ रखता है, लेकिन इस साल दिसंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड बढऩे की पूरी संभावना बनी हुई है और जनवरी के आखिरी सप्ताह तक ठंड का मौसम बना रहेगा, लेकिन इस बीच मौसम में उतार-चढ़ाव होते रहेगा. मौसम विज्ञानी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पडऩे वाली है और इसके बाद बिलासपुर और रायपुर में भी अच्छी खासी ठंड रहेगी।

अक्टूबर महीने से ही छत्तीसगढ़ में खासकर सरगुजा और बस्तर में ठंड महसूस किया जा रहा है, हालांकि नवंबर में मौसम में उतार-चढ़ाव रहा, कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड पड़े और उसके बाद फिर अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, लेकिन दिसंबर और जनवरी में अच्छी खासी ठंड पड़ सकती है, राजधानी रायपुर समेत बस्तर संभाग सरगुजा संभाग और बिलासपुर संभाग में भी शीत लहर की स्थिति है।

**दो जिलों के कलेक्टरों ने बढ़ती ठंड के कारण स्कूलों के समय में किया परिवर्तन, आदेश जारी-** छत्तीसगढ़ के दो जिलों के कलेक्टरों ने बढ़ते ठंड को देखते हुए स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर पीएस ध्रुव ने जिले में पड़ रहे अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर के कारण छात्रहित को ध्यान में रखते हुए दिनांक 15 जनवरी 2023 तक के लिये जिले में संचालित होने वाले विद्यालयों के समय में परिवर्तन किए जाने हेतु आदेश जारी किए हैं। उन्होंने सोमवार से शनिवार तक दो पाली में संचालित होने वाली शालाओं में प्रथम पाली हेतु सुबह 09 से अपरान्ह 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली हेतु समय अपरान्ह 12:45 से 4:15 निर्धारित किया है। इसी प्रकार एक पाली में संचालित होने वाली शालाएं प्रात: 10:30 बजे से अपरान्ह 03:30 बजे तक लगायी जाएंगी।

वहीँ, सूरजपुर कलेक्टर इफ्फत आरा ने जिले के समस्त विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन का आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार अब दो पाली में संचालित होने वाली स्कूल प्रथम पाली में सोमवार से शुक्रवार तक की कक्षाएं प्रात 9 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक तथा शनिवार को अपराह्न 12.45 से सायं 4.15 तक तथा द्वितीय पाली में सोमवार से शुक्रवार अपराह्न 12.45 से सायं 4.15 तक एवं शनिवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक तक शालाएं संचालित होंगी। इसी प्रकार एक पाली वाले स्कूलों में सोमवार से शुक्रवार प्रात: 9.45 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक तथा शनिवार को प्रात: 9 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक संचालित होगी।

## समर्थन मूल्य पर अब तक 27.66 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

- किसानों को लगभग 5772 करोड़ रूपए का भुगतान
- अब तक 13.66 लाख मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। समर्थन मूल्य पर अब तक किसानों से 27 लाख 65 हजार 254 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है, जिसके एवज में 7 लाख 54 हजार 726 किसानों को लगभग 5772 करोड़ रूपए का भुगतान भी बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया जा चुका है। धान बेचने में किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसको लेकर पूरी व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सभी उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध हैं।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए इस साल राज्य सरकार द्वारा किसानों को ऑनलाइन टोकन जारी करने की व्यवस्था के चलते किसानों को सहूलियत होने लगी है। बड़ी संख्या में किसान टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से धान बेचने के लिए अपनी मर्जी के मुताबिक तिथि का चयन करने लगे हैं। इसके साथ ही उपार्जन केन्द्रों द्वारा मैन्युअल रूप से किसानों को टोकन जारी करने की व्यवस्था पूर्व वर्षों की भांति जारी है।

खाद्य सचिव श्री टी.के. वर्मा ने बताया कि इस साल राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.23 लाख नये किसान हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2568 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# शासकीय योजनाओं से निशक्तजनों के सपनों को मिले पंख : मजबूत इरादों ने दी शारीरिक कमजोरी को मात

- उभयलिंगी वर्ग के व्यक्तियों को मिलेगा पहचान पत्र के साथ योजनाओं का लाभ

**रायगढ़।** जब इरादे मजबूत हो तो शारीरिक अक्षमता को भी हार मानना पड़ता है। आज ऐसे लोग भी है जो अपनी दिव्यांगता को कमजोरी न मान, जिंदगी में आगे बढ़ कुछ करने की कोशिश करते है और इस कोशिश में शासन की योजनाएं भी दिव्यांग जनों की सपनों में उड़ान भरने का कार्य कर रही है। आज शासन की विभिन्न योजनाएं है, जिसके माध्यम से नि:शक्त लोगों को एक सामान्य जिंदगी जीने में सहायता के लिए सहायक उपकरण से लेकर अपने आप को आर्थिक रुप से सशक्त बनने की चाह रखने वालों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है। जिससे दिव्यांगजन आज समाज में समान और सम्मान के साथ जीवन यापन कर रहे है।

ग्राम चिखली निवासी दिव्यांग निराकार साव बताते है कि एम.कॉम तक की पढ़ाई के पश्चात कुछ करना चाहते थे, लेकिन आर्थिक स्थिति ने साथ नही दिया। लिहाजा शासन द्वारा संचालित विभागीय योजना का लाभ मिला। जिससे उन्हे कपड़ा दुकान संचालित करने के लिए 2 लाख 70 हजार की राशि का लोन प्राप्त हुआ। आज वे स्वयं का तरुण ड्रेसेस नाम से कपड़ा दुकान संचालित कर आर्थिक रूप से सशक्त हो चुके है। ग्राम-बोईरडीह की कु.जयंती साहू ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें पिकअप मालवाहन खरीदने के लिए योजना अंतर्गत 5 लाख 44 हजार रुपये राशि प्राप्त हुआ। वाहन उसके भाई द्वारा चलाया जा रहा है, पहले रोजी मजदूरी करते थे, अब स्वयं का वाहन होने से अच्छी कमाई हो जाती है। जिससे परिवार का भरण पोषण में आसानी हो रही है। इसी प्रकार ग्राम-भिखारीमाल के विजय प्रधान ने भी योजना का लाभ लेते हुए योजनान्तर्गत 4 लाख 50 हजार रुपये लोन प्राप्त कर चारपहिया वाहन लेकर स्वयं के मालिक बने।



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन समान अवसर समान भागीदारी की भावना के अनुरूप दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित किये जाने हेतु प्रतिवर्ष 3 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया जाता है। समाज कल्याण विभाग सभी श्रेणी के दिव्यांगजनों जैसे अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित, मूक बधिर, मानसिक मंदता एवं बहु दिव्यांगता सहित 21 श्रेणियों के दिव्यांगजनों के लिए विविध विभागीय योजनाओं के माध्यम से बाधारहित जीवन स्तर के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुये लाभान्वित किया जा रहा है। जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा कमजोर वर्ग जैसे दिव्यांग, वृद्ध, निराश्रित, विधवा, भिक्षुक एवं तृतीय लिंग वर्ग हेतु योजनाएं संचालित की जा रही है। इनमें दिव्यांगजन विशेष पहचान पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना, क्षितिज अपार संभावनाएं, स्वरोजगार हेतु ऋण सहायता, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदाय योजना, दिव्यांग बच्चों का शैक्षिक पुनर्वास, सुगम्य भारत अभियान, विभागीय मान्यता एवं अनुदान प्राप्त अशासकीय संस्था संचालित करने हेतु योजनाएं संचालित की जा रही है।

शासन के योजनान्तर्गत दिव्यांगजन विशेष पहचान पत्र योजना के तहत जिले के चिन्हांकित 21 हजार 290 दिव्यांगजनों को जिला मेडिकल बोर्ड के माध्यम से प्रमाणीकरण कर दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किया गया है। साथ ही जिले में 14 हजार 661 पंजीकृत दिव्यांगजनों को विशिष्ट पहचान पत्र जारी किये गए है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 49 हजार 743 दिव्यांगजनों को प्रतिमाह पेंशन राशि के रूप में आर्थिक रूप से लाभान्वित किया जा रहा है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना अंतर्गत जिले के 1652 गंभीर दिव्यांगजनों को प्रतिमाह केन्द्र एवं राज्य से प्राप्त सहायता राशि से लाभान्वित किया जा रहा है। दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत् दिव्यांग छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु संचालित योजना दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 528 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया जा चुका है। क्षितिज अपार संभावनाएं अंतर्गत जिले के दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं उच्च शिक्षा में अध्ययनरत 30 दिव्यांग छात्रों को गत एक वर्ष में प्रोत्साहन राशि प्रदाय कर लाभान्वित किया गया है। इसी प्रकार सिविल सेवा की प्रतियोगी परीक्षा में उत्तीर्ण दिव्यांगजनों को योजना के अंतर्गत 04 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया है। स्वरोजगार हेतु ऋण सहायता योजना से 192 दिव्यांगजनों को स्व-रोजगार इकाई की स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ वित्त एवं विकास निगम रायपुर के माध्यम से 5 करोड़ 98 लाख 9 हजार 628 रूपये राशि वितरित कर ऋण सहायता उपलब्ध करायी गयी है।

दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत दिव्यांगजनों को वैवाहिक बंधन में आबद्ध होने पर विभाग द्वारा प्रति दिव्यांग 50 हजार रूपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदाय कर लाभान्वित किया जा रहा है। इसी प्रकार कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदाय योजना अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में अब तक 413 से अधिक दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय किये गये है। दिव्यांग बच्चों का शैक्षिक पुनर्वास के तहत दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखने के लिये विभाग द्वारा विभिन्न विशेष विद्यालयों का संचालन विभागीय मान्यता प्राप्त संस्थाओं के समन्वय से कर रहा है। जिले में समाज कल्याण विभाग से संबद्ध 332 दिव्यांग छात्रों को विशेष शिक्षा से लाभान्वित किया जा रहा है। सुगम्य भारत अभियान अंतर्गत दिव्यांगजनों को शासकीय कार्यलयों में आने जाने में होने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए उनके अनुकूल भवनों को बाधारहित किया जा रहा है। दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अंतिम दिव्यांगजनों तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु विभाग स्वयंसेवी संस्थाओं को विभागीय मान्यता एवं अनुदान प्रदाय करता है। जिले में 06 अशासकीय संस्थाओं को मान्यता देकर अनुदान प्रदाय किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480